सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

केन्द्रीय कार्यालय / CENTRAL OFFICE

मानव संसाधन विकास विभाग / HUMAN RESOURCES DEVELOPMENT DEPARTMENT

(भर्ती एवं पदोन्नति प्रभाग / RECRUITMENT AND PROMOTION DIVISION)

# अधिसूचना

## विभिन्न वर्गों की विशेषज्ञ श्रेणी में अधिकारियों के चयन के लिए भर्ती प्रक्रिया

**विभिन्न वर्गों में अनंतिम रूप से चयनित विशेषज्ञ अधिकारियों के परिणाम हमारी अधिसूचना दिनांक 31-08-2020 के माध्यम से घोषित किए गए थे. संलग्न सूची के अनुसार, जिन चयनित उम्मीदवारों के नाम दर्शाए गए हैं, उन्हें दिनांक 01.12.2020 से आरंभ हो रहे दो सप्ताह के 'प्रवेश प्रशिक्षण' के लिए हमारे प्रशिक्षण केन्द्रों में रिपोर्ट करना होगा. वरिष्ठ प्रबंधक सुरक्षा (मप्रश्रेवे-III), प्रबंधक अर्थशास्त्री (मप्रश्रेवे -II) और सहायक प्रबंधक सुरक्षा (कप्रश्रेवे -I) की ज्वाइनिंग तिथि 01-02-2021 होगी और उनके कार्यग्रहण करने के स्थान के बारे में शीघ्र ही सूचित किया जाएगा.**

**महत्वपूर्ण**

यद्यपि सूची को संकलित करने में पूरी सावधानी वरती गई है. तथपि, बैंक किसी भी अनभिप्रेत त्रुटि को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है. अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को व्यक्तिगत पत्र आईबीपीएस आवेदन भरने के समय उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत पंजीकृत पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे गए हैं. प्रशिक्षण की अवधि के दौरान उम्मीदवारों को उनके नियुक्ति स्थान की सूचना दी जाएगी; इसलिए उम्मीदवारों को अपना पूरा सामान लाने की सलाह दी जाती है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नियुक्ति पत्र की प्राप्ति की प्रतीक्षा किए बगैर, वे संलग्न सभी फॉर्मेट को डाउनलोड करें और सभी प्रकार से उसे भरना सुनिश्चित करें, जो कि उन्हें दिए गए रिपोर्टिंग के स्थान अर्थात एसपीबीटीसी मुंबई/सीबाओटीसी भोपाल पर उनके द्वारा इन्हें प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है.

निर्धारित तिथि यानी 01.12.2020 को रिपोर्ट करने में विफल रहने पर यह माना जाएगा कि उन्होंने नियुक्ति स्वीकार करने से इन्कार कर दिया है और नियुक्ति के लिए बैंक के प्रस्ताव को रद्द कर दिया जाएगा.

कृपया नोट करें कि रिपोर्टिंग के समय सत्यापन के लिए बगैर चूके अपने सभी मूल दस्तावेज लाएं.

**जिन औपचारिकताओं को पूरा किया जाना है :**
बैंक में आपकी नियुक्ति, रिपोर्ट करने के समय सत्यापन / रिकॉर्ड के लिए, आपके द्वारा निम्नलिखित मूल प्रमाणपत्र/ दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण के अधीन होगी.

(बैंक की वेबसाइट में 'कैरियर पोर्टल' के अंतर्गत, सभी नीचे उल्लिखित दस्तावेज़ (1-3) उपलब्ध हैं; सभी उम्मीदवारों को इन्हें डाउनलोड करने हेतु सलाह दी जाती है. कृपया ध्यान दें कि इन दस्तावेजों को डाक द्वारा भेजे गए नियुक्ति पत्र के साथ संलग्न नहीं किया जाएगा)

1. विधिवत भरा हुआ भर्ती आवेदन पत्र - 2 प्रतियाँ.
2. कर्मचारी की पूर्वचरित/चरित्र सत्यापन पत्र - 2 प्रतियां.
3. तीन चरित्र प्रमाण पत्र, जिनमें से एक आपके द्वारा आखिर में छोड़े गए किसी कॉलेज / विश्वविद्यालय के प्रिंसिपल/ विभाग-प्रमुख का अनिवार्यत: होना चाहिए एवं शेष दो, राजपत्रित अधिकारियों अथवा बैंक अधिकारियों के होना चाहिए. **रिश्तेदारों द्वारा दिए गए प्रमाणपत्र स्वीकार्य नहीं हैं.**
4. यदि आप रोजगार में हैं, तो अपने वर्तमान नियोक्ता से सेवामुक्त प्रमाणपत्र और चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए.

5. केवाईसी के मूल दस्तावेज.

6. सभी मूल दस्तावेज (एसएससी/एचएससी/स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यावसायिक योग्यता, अंक-सूचियां और उत्तीर्ण करने संबंधी (प्रमाणपत्र), जो हमारे विज्ञापन में निर्धारित हैं) उनके सत्यापन के लिए.

7. अनुभव संबंधी मूल प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), हमारे प्रारंभिक विज्ञापन के अनुसार वांछित, स्पष्टत: अनुभव की अवधि दर्शाता हुआ जैसे आईटी अथवा बैंकिंग / वित्तीय क्षेत्र अथवा कोई अन्य प्रमाणपत्र.

8. वैध जाति प्रमाणपत्र/ओबीसी/एससी/एसटी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी इत्यादि के आपके दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी (सरकार द्वारा निर्धारित) से जारी सभी वैध प्रमाणपत्र.

9. आरक्षित ओबीसी श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में "भारत सरकार के अंतर्गत पदों की नियुक्ति के आवेदन के लिए, अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र का फॉर्म" (इस अधिसूचना के साथ बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप) अपने "समुदाय" के बारे में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है और इस प्रमाणपत्र में "NON CREAMY LAYER CLAUSE" का उल्लेख होना चाहिए. यह प्रमाणपत्र महत्वपूर्ण तारीख यानी दिनांक 21.11.2019 पर वैध होगा.

उपरोक्त प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत नहीं करने वाले उम्मीदवारों को ओबीसी श्रेणी के तहत नहीं माना जाएगा (जैसा कि पहले ही उम्मीदवारों द्वारा इस आशय की जिम्मेदारी ली थी और दस्तावेज़ सत्यापन के समय उन्हें सलाह दी गई थी). कृपया इसे नोट करें कि आवश्यक प्रमाणपत्र/दस्तावेजों के अभाव में, उम्मीदवारों को ज्वाइन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है. चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा.

10. इसके अलावा, जाट समुदाय से संबंधित उम्मीदवारों की नियुक्ति, माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 17.03.2015 के निर्णय के अनुसार की जाएगी.

11. सभी आवश्यक दस्तावेजों जैसे पैन कार्ड, पता साक्ष्य, फोटोग्राफ आदि के साथ, स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान) के सृजन के लिए, सुपरिभाषित अंशदान पेंशन योजना (डीसीपीएस) के अंतर्गत विधिवत भरा हुआ सब्सक्राइबर पंजीकरण फॉर्म (सीएस-एसआई).
(नोट-संलग्न प्रपत्र अनिवार्यत: सभी प्रकार से पूरे भरे जाने चाहिए, जहां भी पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ आवश्यक हो, उसे चिपकाया जाए. उम्मीदवारों को अतिरिक्त पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ ले जाने की भी सलाह दी जाती है. पिन कोड के साथ पुलिस मुख्यालय और स्थानीय पुलिस स्टेशन के नाम और पते सही रूप से भरे जाएं, ताकि सत्यापन प्रक्रिया शीघ्र और बिना किसी अड़चन के पूरी हो जाए).

"चुने गए सभी उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे उनकी नियुक्ति के बारे में किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट को देखें."

कृपया आपकी नियुक्ति पत्र की पावती प्रति केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई न भेजें. इसे आप अपने रिपोर्टिंग के समय बैंक अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से सुपुर्द करें.

**(स्मृति रंजन दाश)**
**महाप्रबंधक - मासंवि**
**दिनांक : 28.10.2020**